तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 4 जुलाई 2025

13 सूती उरकुली में भागवत महापुराण कथा शुरू



14 विष्णु सरकार नरेन्द्र मोदी की हर गारंटी को पूरा कर रही





## खबर संक्षेप

### तीन माह का चावल अब 31 जुलाई तक बंटेगा

**बलौदाबाजार**। राज्य शासन द्वारा सार्वजानिक वितरण प्रणाली अंतर्गत राशनकार्डधारी परिवारों क़ो जून से अगस्त तक तीन माह का एकमुश्त चावल वितरण की तिथि 31 जुलाई तक बढ़ा दी गई है। तीन माह का एक मुश्त चावल लेने में शेष राशनकार्डधारी अब शासकीय उचित मूल्य दुकान से 31 जुलाई तक प्राप्त कर सकते हैं। खाद्य अधिकारी के अनुसार बड़ी संख्या में हितग्राहियों क़ो तीन माह का एकमुश्त चावल नहीं बंट पाया है। शेष बचे राशनकार्डधारियों को एक मुश्त चावल वितरण की तिथि 31 जुलाई तक बढ़ाई गई है। जिले के कुल 376111 राशनकार्डधारियों में से अब तक 344160 हितग्राहियों को तीन माह का चावल वितरण किया गया है।

### चंद्रदेव राय ने की कलेक्टर से मुलाकात



**गिधौरी**। पूर्व संसदीय सचिव एवं पूर्व विधायक चंद्रदेव राय ने बलौदा बाजार कलेक्टर से मिलकर क्षेत्र में विभिन्न ज्वलंत विकास कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने आग्रह किया गया, जिस पर कलेक्टर दीपक सोनी ने सभी विभागों से चर्चा कर स्वीकृत सभी कार्यों को शीघ्र शुभारंभ कराये जाने का भरोसा दिलाया। सभी जर्जर सड़कों को मरम्मत कराने, गिरौदपुरी सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र में डॉक्टर की व्यवस्था कराने, वनांचल बार नवापारा क्षेत्र में बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराने, किसानों को पानी दिलाने हेतु जोंक डायवर्सन की हाईट वृद्धि करने सिंचाई परियोजना को अविलंब शुभारंभ कराने, सभी स्वीकृत सड़क, पहुंच मार्ग को बरसात में फिलहाल चलने लायक़ मरम्मत कराने तथा सभी निर्माण कार्य को शीघ्र ही पूरा कराने का भरोसा दिलाया । इस दौरान साथ में हेमंत दुबे, सिद्धांत मिश्रा, डॉ. परमानंद साहू इत्यादि शामिल रहें।

### सिंघनपुर में मारपीट, दो लोगों के खिलाफ जुर्म

**महासमुंद**। ग्राम सिंघनपुर के एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में दो लोगों के खिलाफ पटेवा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम सिंघनपुर निवासी उदेराम निषाद के साथ आरोपी ठाकुर राम निषाद, टोमेश निषाद के द्वारा सिंधौरी खार में खेत की जोताई की बात को लेकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की गई। जिसे महासमुंद के निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया है। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# पंचायत सचिव संघ के स्थापना दिवस पर नियमितीकरण की घोषणा करें सरकार

## संघ ने स्थापना दिवस के लिए आयोजित बैठक में मोदी की गारंटी का उठाया मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

स्थानीय जनपद क्षेत्र के पंचायत सचिव संघ ने आगामी 7 जुलाई को संघ का स्थापना दिवस आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की। वही स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से इस अवसर पर चुनाव के समय मोदी की गारंटी के तहत पंचायत सचिवों के शासकीयकरण करने की बात को पूरा करने को लेकर मांग भी की। पंचायत सचिव संघ के कार्यकारी जिलाध्यक्ष हरिकिशन वर्मा ने कहा कि हमारी शासकीयकरण की मांग वर्षों पुरानी है। वर्तमान भाजपा सरकार ने चुनाव के समय मोदीजी की गारंटी के तहत शासकीयकरण करने की बात कही थी, जो अब तक पूरी नहीं हुई। हम चाहते हैं कि 7 जुलाई को हमारे संघ का स्थापना दिवस है, इस दिन मुख्यमंत्री हमें शासकीयकरण कर उद्धृत करें और मोदी की गारंटी के तहत की गई घोषणा को पूरा करें। हम उनके आभारी रहेंगे।

इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष अग्नि निर्मलकर, जिला सचिव बालाराम वर्मा, पवन साहू, तिरिथ पाठक, शैलेन्द्र यादव, भिंगेश्वर सेन, मुकेश कश्यप, राजेन्द्र भारती, संगीता मिश्रा, देव कुमारी राय, सावित्री वर्मा, उषा ध्रुव, परमानंद निषाद, धनेश साहू, सजन वर्मा, महेन्द्र साहू, राकेश सोनी, राधेश्याम ध्रुव, हिंसा वर्मा, लक्ष्मी नारायण वर्मा, शिवकुमार यादव सहित बड़ी संख्या में संघ के सदस्य उपस्थित थे।



### स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर चर्चा

पंचायत सचिव संघ के पूर्व प्रांतीय प्रवक्ता गौरीशंकर वैष्णव ने बताया कि पंचायत सचिव संघ 7 जुलाई को स्थापना दिवस मना रहा है और इसी दिन मैनपाट में मंत्री चिंतन शिविर भी कर रहे हैं। बैठक में हम लोग स्थापना दिवस की तैयारी को लेकर चर्चा करने के साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा इंडोर स्टेडियम में संघ से किये गए वादे पर भी चर्चा हुई है, जिसमें सभी सदस्यों ने एकमत से मोदी की गारंटी के तहत किये गये वादे को पूरा करने पर चर्चा किये। चुनाव पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गारंटी के तहत पंचायत सचिव को शासकीयकरण करने की बात कही थी, हम चाहते हैं कि 7 जुलाई को मैनपाट में शासन के मंत्री चिंतन शिविर का आयोजन रखे हैं और इसी दिन हमारे संघ का स्थापना दिवस भी है। चिंतन शिविर में शासकीयकरण की घोषणा संघ को मुख्यमंत्री उपहार दें और हमें भविष्य की चिंताओं से मुक्त करें।

## तीन शिक्षकों की नियुक्ति से बच्चों के साथ पालकों के चेहरों पर भी खिली मुस्कान

# युक्तियुक्तकरण से मिडिल स्कूल पुरैना खपरी में दूर हुई शिक्षकों की कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

युक्तियुक्तकरण से स्कूलों की तस्वीर बदलने लगी है। शिक्षकों की कमी से जूझ रहे स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के साथ- साथ उनके माता-पिता के माथे पर अब चिंता की लकीरें नहीं, बल्कि चेहरे पर राहत की मुस्कान खिल रही है। इस क्रांतिकारी बदलाव के लिए बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों ने भी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पुरैना खपरी स्थित शासकीय माध्यमिक शाला में शिक्षा विभाग द्वारा युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के तहत 3 शिक्षकों की पदस्थापना की गई है, जिससे विद्यालय के विद्यार्थियों को पढ़ाई में अब बेहतर सुविधा मिल रही है।

विद्यालय में वर्तमान में कक्षा 6वीं एवं 7वीं का संचालन हो रहा है, जिसमें कुल 66 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। इनमें कक्षा 6वीं में 34 तथा कक्षा 7वीं में 32 विद्यार्थी हैं। पूर्व में शिक्षकों की कमी के कारण बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही थी, लेकिन अब नई व्यवस्था से शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार देखने को मिल रहा है। नवपदस्थ शिक्षकों में अनुपा मंडावी सामाजिक विज्ञान प्रभारी हेड मास्टर के रूप में शासकीय माध्यमिक शाला रवान से, हेमलता मिश्रा हिंदी शासकीय माध्यमिक शाला चंडी से तथा जयश्री कलेत विज्ञान शासकीय माध्यमिक शाला माता देवालय, भाटापारा से प्रतिनियुक्त हुई हैं। इन शिक्षकों की उपस्थिति से अब विद्यार्थियों को विषयवार नियमित पढ़ाई हो रही है। विद्यालय का संचालन दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक निर्धारित है। शिक्षकों ने अपनी जिम्मेदारी निभाना प्रारंभ कर दी है और बच्चों में भी पढ़ाई के प्रति उत्साह देखा जा रहा है। शिक्षा विभाग में की गई इस पहल से ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर मिल रहा है, जिससे निश्चित ही उनका सर्वांगीण विकास होगा।



### युक्तियुक्तकरण से मिले तीन शिक्षक बेहतर हुई पढ़ाई

कक्षा 7 वीं में पढ़ने वाली रागिनी निषाद कहती हैं पहले टीचर नहीं थे तो अच्छे से पढ़ाई नहीं हो पाती थी, लेकिन युक्तियुक्तकरण के बाद अब हमारे स्कूल में तीन विषयों के टीचर मिल गए हैं, जिसके कारण बेहतर पढ़ाई हो रही है।परिजन साधराम टांडेकर ने संतोष जताते हुए कहा– अब बच्चों की पढ़ाई व्यवस्थित होगी। पहले यहां शिक्षक नहीं थे, बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। अब मिडिल स्कूल के लिए शिक्षक आ गए हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई अच्छे से हो सकेगी। हम अभिभावक खुश हैं कि अब हमारे गांव के बच्चों को भी नियमित और विषय अनुसार शिक्षा मिल रही है। यह अच्छी पहल है।

# डायरिया प्रभावित गांवों की जांच में पहुंचे संचालनालय के अधिकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर बुधवार क़ो विकासखंड कसडोल तथा पलारी के डायरिया प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य संचालनालय से आईडीएसपी के उप संचालक डॉ. खेमराज सोनवानी तथा सलाहकार श्वेता शर्मा ने भ्रमण कर स्थिति का जायज़ा लिया।

उप संचालक डॉ. सोनवानी ने सभी प्रभावित ग्राम में मेडिकल स्टाफ की शिफ्ट अनुसार ड्यूटी को निरंतर करने गांव में क्लोरीन टेबलेट वितरित करने को भी कहा। आवश्यक दवाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही उन्होंने डिस्चार्ज मरीजों को काउंसलर के माध्यम से टेलीफोन के ज़रिए डायरिया के सम्बंध में फीडबैक लेने तथा स्वास्थ्य संबंधी सलाह देने के भी निर्देश दिए। रोकथाम हेतु त्वरित प्रतिक्रिया हेतु निगरानी बढ़ाने को भी कहा गया। ग्राम बरबसपुर में इंडेक्स मरीज (पहला केस) के घर का भ्रमण कर जानकारी भी ली गई। ग्राम में अन्य मौसमी बीमारियों जैसे मलेरिया के लिए भी एहतियातन फीवर सर्वे करने को कहा गया। भ्रमण के दौरान मुख्य ▶▶ शेष पेज 13 पर

### स्वास्थ्य शिविर सहित बल्दा कछार का भी निरीक्षण किया

राज्य कार्यालय से आये अधिकारियों ने पलारी में भर्ती मरीजों से मिलकर उनका कुशल क्षेम पूछा, इसके बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अर्जुनी ब सहित ग्राम बरबसपुर में लगे डायरिया स्वास्थ्य शिविर सहित बल्दा कछार का भी निरीक्षण किया। पलारी में इस समय केवल चार मरीज ही भर्ती हैं, शेष ठीक होकर जा चुके हैं। उपचार बाद भर्ती चार मरीज पूरी तरह से सामान्य हैं। कसडोल के ग्राम बरबसपुर में मिले कुल केस में 4 ही वर्तमान में भर्ती हैं, जिसमें 3 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अर्जुनी तथा एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल में भर्ती हैं। डायरिया के शेष अन्य केस उपचार लेकर ठीक हो चुके हैं तथा अपने घर जा चुके हैं।

# सट्टा-पट्टी लिखते सटोरिया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना गिधौरी की पुलिस टीम ने ग्राम गिधौरी में घेराबंदी कर सट्टा पट्टी लिखते हुए ग्राम बरपाली निवासी 35 वर्षीय हेमंत निराला को गिरफ्तार किया है।

आरोपी से 2250 नकदी एवं सट्टा पट्टी जब्त की गई। आरोपी के विरुद्ध थाना गिधौरी में धारा 04(क) जुआ एक्ट एवं छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।



# पुलिस के दुर्व्यवहार से नगरवासी और मीडिया में आक्रोश

**बलौदाबाजार**। जिले के सिटी कोतवाली में पुलिस द्वारा आम लोगों के साथ-साथ मीडिया से किए जा रहे दुर्व्यवहार पर सवाल उठाने लगे हैं। उनके इस व्यवहार की शिकायत मीडिया सदस्यों ने मौखिक रूप से जिला पुलिस अधिकारियों से की, लेकिन अब तक किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने से आज राजधानी रायपुर में 5 बिन्दुओं पर कार्रवाई के लिए उच्च अधिकारियों को ज्ञापन सौंपेंगे। बलौदाबाजार प्रेस क्लब अध्यक्ष नरेशगनशानी ने कहा पुलिस द्वारा बार-बार मीडिया के सामने यह दावा किया जाता है कि उनके संबंध राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शीर्ष पदाधिकारियों से पारिवारिक स्तर पर हैं तथा वह उनके साथ खिंचवाई गई तस्वीरें दिखाकर आमजनों एवं पत्रकारों पर मानसिक दबाव बनाते हैं। ऐसी स्थिति में थाना परिसर का वातावरण भयभीत करने वाला बन गया है, बल्कि जनता एवं पत्रकार अपनी समस्याएं खुलकर रखने में असहज महसूस करते हैं।बलौदाबाजार प्रेस क्लब ने अपने ज्ञापन में मांग रखी है कि संपूर्ण प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, थाना परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को सुरक्षित कर तत्काल जांच की जाए, थाना प्रभारी अजय झा को वर्तमान पद से हटाते हुए उनके ▶▶ शेष पेज 13 पर

# शराब तस्करी मामले में संगठित अपराधी परसराम गिरफ्तार, संपत्ति की जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शराब तस्करी मामले में संगठित अपराध के आरोपी परसराम भारद्वाज को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है।पूछताछ में आरोपी ने संगठित होकर लाभ कमाना स्वीकार किया। पुलिस आरोपी की संपति की विस्तृत जांच कर रही है।

सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा गहन, छानबीन करते हुए तथा गिरफ्तार आरोपियों, गवाहों से विस्तृत पूछताछ एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर, गिरफ्तार आरोपियों का परसराम भारद्वाज निवासी ग्राम छेरकाडीह द्वारा सहयोग करना पाया गया। इस दौरान आरोपी परसराम को हिरासत में लेकर विस्तृत पूछताछ की गई, जिसमें आरोपी द्वारा एक राय होकर, अवैध लाभ ▶▶ शेष पेज 13 पर



### 100 पेटी शराब जब्त

विदित हो कि मूखबीर की सूचना पर इस वर्ष 29 जनवरी को घेराबंदी करते हुए 4 आरोपी रितेश साहू, देव यादव, प्रियेश गुप्ता एवं भक्त प्रहलाद को चारपहिया वाहन में अवैध रूप से शराब की तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया गया था। मामले में थाना सिटी कोतवाली पुलिस 7.98 लाख की 100 पेटी अंग्रेजी गोवा व्हिस्की शराब भी जब्त की गई थी। इस प्रकरण में आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2), 36 आबकारी एक्ट एवं जोड़ने धारा 111 बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था।

## पीएचई विभाग एफटीके किट से जल परीक्षण की देगा जानकारी

# मौसमी बीमारियों से सतर्कता बरतने चलेगा जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बरसात के मौसम में जलजनित एवं दूषित खाद्य पदार्थों के कारण फैलने वाली बीमारियों से सतर्क रहने व स्वच्छता के प्रति लोगों क़ो जागरूक करने गांव -गांव में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस सम्बन्ध में कलेक्टर दीपक सोनी ने गुरुवार क़ो लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के मैदानी अमलों व सरपंच-सचिव के सम्पर्क केंद्र से ऑनलाइन बैठक लेकर जरुरी दिशा निर्देश दिये। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल एवं सीएमएचओ डॉ. राजेश कुमार अवस्थी भी उपस्थित थे।

कलेक्टर सोनी ने कहा कि सरपंच-सचिव अपने पंचायतों को मौसमी बीमारियों से सुरक्षित रखने में लोगों को जागरूक करें। लोगों को आगामी 2 से 3 माह पानी क़ो उबालकर उपयोग करने, पानी रखने वाले बर्तन में कलोरिन की गोली डालने, गरम व ताजा भोजन ग्रहण करने, जल स्त्रोतों के पास साफ-सफाई रखने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि हर पंचायत में पीएचई द्वारा नामित जल वाहिनी हैं। जल वाहिनी एवं तकनिशियन के नाम व मोबाइल नंबर का दीवाल लेखन कराएं।

गांव में किसी को पेट दर्द या उल्टी की शिकायत हो तो तत्काल मितानिन से मिलें और उससे दवाई लें। जरुरी हो तो इलाज के लिए मितानिन के साथ नजदीकी अस्पताल जाएं। जल वाहिनी व तकनिशियन को तत्काल जल परीक्षण के लिए सूचित करें। जल जीवन मिशन के तहत हर-घर जल के पानी का उपयोग करने पर बोर का पानी, टंकी एवं नल इन तीन स्त्रोत से पानी का परीक्षण कराएं।

पानी में बैक्टिरिया की पुष्टि होने पर तत्काल पानी का उपयोग बंद कर दें और स्त्रोत को भी बंद कर दें। पानी के उच्च स्तरीय परीक्षण के लिए पीएचई लैब को सैंपल भेजें। पीएचई द्वारा पानी का परीक्षण कर पॉजीटिव पाए जाने पर गांव में उपयोग में लाने वाले पानी का आवश्यक उपचार किया जाएगा, जिसमें टंकी की सफाई, जल स्त्रोतों का क्लोरीनिकरण, पाइप की जांच आदि शामिल हैं। इसी तरह मलेरिया से बचाव के लिए मच्छरदानी का उपयोग, घर के आस -पास के गड्ढों में जल भराव न होने दें, कूलर के पानी को खाली करने की समझाईश दें।




### सभी शासकीय व निजी स्कूल भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवाने के निर्देश

कलेक्टर ने ग्रामीणों को जल वाहिनी के माध्यम से एफटीके किट जांच परीक्षण अभियान चलाने हेतु पीएचई के अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने कहा की पीएचई अपने मैदानी अमलों को एक्टिव करें और एसडीओ व सब इंजीनियर को भी वाटर टेस्टिंग की जानकारी हो। उन्होंने वर्षा जल संचयन पर जोर देते हुए अगले एक माह में जिले के सभी सरकारी व निजी स्कूल भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा की छत में जिस स्थान पर पानी का जमाव होता हो वहीं से वाटर हार्वेस्टिंग के लिए पाइप लगवाएं। कलेक्टर सोनी ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 ग्रामीण अंतर्गत बेहतर स्वछता रैकिंग के लिए ग्रामीणों को शौचालय का उपयोग, स्वच्छता तथा सामुदायिक शौचालयों का निरंतर उपयोग सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने बताया कि इस बार ग्रामीण क्षेत्रों में भी सर्वेक्षण होगा। जिले में मोर गांव मोर पानी महाअभियान के तहत सोख्ता गड्ढा, वाटर हार्वेस्टिंग, जलाशयों का सफाई के कार्य हुए हैं, जिसे आगे भी जारी रखें। बताया गया कि मोर गांव मोर पानी महाअभियान के तहत अब तक 8600 सोख्ता गड्ढा का निर्माण तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों द्वारा 8813 आवासो में रैन वाटर हार्वेस्टिंग बनवाया है।

# कोटा-जारा-संडी रोड पर पैच रिपेयर शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में जर्ज़र एवं क्षतिग्रस्त सड़कों के मरम्मत का कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा तेजी से कराया जा रहा है। इसी क्रम में कोटा-जारा-संडी सड़क का पैच मरम्मत कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा शुरू कर दिया गया है। अब तक लगभग 4 किलोमीटर रोड का पैच रिपेयर किया गया है। कलेक्टर दीपक सोनी ने जर्जर और क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत तेजी से करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों क़ो दिये हैं। कार्यपालन अभियंता अनुज शर्मा ने बताया कि सड़क मरम्मत के लिए बजट आवंटन प्राप्त हुआ है। प्राथमिकता अनुसार सड़कों का मरम्मत कार्य जल्द शुरू किया जाएगा।



# भूरिया ने कहा- देश में सबसे ज्यादा छत्तीसगढ़ में आदिवासियों का शोषण हो रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और झाबुआ विधायक विक्रांत भूरिया ने कहा कि वे कांग्रेस की विचारधारा को और भी ज्यादा मजबूती देने के लिए पहुंचे हैं। छत्तीसगढ़ दौरे पर पहुंचे आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरिया ने कहा, देश में सबसे ज्यादा छत्तीसगढ़ में आदिवासियों का शोषण हो रहा है। अगर आदिवासियों का विनाश देखना है, तो छत्तीसगढ़ आ जाएं।

आदिवासियों को मारा जा रहा है, नेताओं को जेल में बंद किया जा रहा है। आदिवासियों की मूर्ति नहीं चाहिए, हमें सम्मान चाहिए। वहीं उन्होंने भाजपा के प्रशिक्षण शिविर को कॉर्पोरेट के तलवे चाटने का प्रशिक्षण बताया है। रायपुर पहुंचने पर उन्होंने संवाददाताओं से चर्चा में तंज कसते हुए कहा, देश को बनाने में आरएसएस और भाजपा का कोई योगदान नहीं है, इसलिए वह इस लड़ाई के बारे में नहीं समझेंगे। शराब घोटाले पर उन्होंने कहा, बीजेपी दबाव बना रही है कि वह बीजेपी ज्वाइन कर लें या गलत बयान दें। उनकी जमानत होने के पहले दूसरा केस लगा दिया गया। प्रताड़ित करना भाजपा का षड्यंत्र है।

## भाजपा को रबर स्टैंप आदिवासी चाहिए



विक्रांत भूरिया ने तंज कसते हुए कहा कि प्रदेश की खनिज संपदा कॉर्पोरेट को चाहिए। जैसे ही आदिवासी मुख्यमंत्री बने, जंगलों की कटाई शुरू हो गई। जो आदिवासी बीजेपी के हिसाब से कहते हैं, पार्टी में उन्हें ही भाजपा जगह देती है। भारतीय जनता पार्टी रबर स्टैंप आदिवासी चाहती है।

### कांग्रेस की परिसंपत्ति का आकलन करेगी आईसीसी

पार्टी द्वारा कांग्रेस की परिसंपत्ति के आकलन को लेकर विक्रांत भूरिया ने कहा, इनकी मानसिकता कांग्रेस की प्रॉपर्टी को जप्त करने और उन्हें खत्म करने की है, लेकिन कांग्रेस की ताकत, विचारधारा है। देश को बनाने में आरएसएस और भाजपा का कोई योगदान नहीं है, इस लड़ाई के बारे में, इसलिए वह नहीं समझेंगे।

## ये एक परिवार की चाटुकारिता करने वाले लोग : साव



विक्रांत भूरिया के भाजपा के प्रशिक्षण और रबर स्टैंप वाले बयान पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा, मोदी के नेतृत्व में आदिवासी समाज की तरक्की और बेहतरी के लिए जितने काम हुए, उतने कांग्रेस शासन में कभी नहीं हुए। कांग्रेस ने केवल अत्याचार किया, आज आदिवासियों के लिए बेहतर काम हो रहे हैं, तो कांग्रेस को दर्द हो रहा है। उन्होंने आरोपों को निराधार और बेबुनियाद बताया है। वहीं भाजपा प्रशिक्षण शिविर को कार्पोरेट के तलवे चाटने वाले बयान पर उन्होंने कहा, ये (कांग्रेसी) एक परिवार की चाटुकारिता करने वाले लोग हैं।

### कांग्रेस ने आदिवासियों को दी काला पानी की सजा : सांसद महेश कश्यप

आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत के बयान पर सांसद महेश कश्यप ने भी पलटवार किया और कहा कि कांग्रेस ने आदिवासियों को काला पानी की सजा दी। बीजेपी सरकार में आज बस्तर की पहचान दुनिया में है। कांग्रेस ने माओवाद, नक्सलवाद जैसे कलंक को थोपने का काम भी किया है।

### कांकेर में कांग्रेस का प्रशिक्षण कार्यक्रम

कांकेर में कांग्रेस तीन दिवसीय आदिवासी प्रशिक्षण कार्यक्रम करने जा रही है, इसे लेकर आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरिया ने बताया कि नए युवाओं को तैयार किया जाएगा। राजनीति में पॉवर और पैसे का बड़ा रोल है और भाजपा के पास दोनों भरपूर है। कांग्रेस के पास केवल एक ही ताकत है आईडियोलॉजी, इसलिए प्रशिक्षण के जरिए लोगों को जोड़ने का काम किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### जल संसाधन में चीफ इंजीनियर का पद खाली नहीं हुई पोस्टिंग

**रायपुर।** जल संसाधन विभाग में चीफ इंजीनियर का पद खाली हो गया है, लेकिन इस पद पर अब तक किसी अधिकारी की नियुक्ति नहीं हो पाई है।चीफ इंजीनियर के पद पद इंद्रजीत उईके पदस्थ थे, वे 30 जून को रिटायर हो गए। इसी समय नए अधिकारी की नियुक्ति की जानी थी, जो 2 जुलाई तक नहीं हो सकी है। बताया गया है कि विभाग में इस पद के दो दावेदार हैं। इनमें एक जेआर भगत और दूसरे दीपक अभूमेहकर हैं। माना जा रहा है कि इन दोनों में से किसी एक को विभाग का यह प्रमुख पद मिलने की संभावना है।

### पूर्व राज्यपाल दत्त के निधन पर किया शोक व्यक्त

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्यपाल शेखर दत्त के निधन पर राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गहरा शोक व्यक्त किया है।



राज्यपाल ने अपने शोक संदेश में कहा, श्री दत्त एक कुशल प्रशासक ही नहीं, बल्कि एक सच्चे सैनिक और राष्ट्रभक्त थे। मुख्यमंत्री ने कहा, श्री दत्त एक कुशल प्रशासक, दूरदर्शी नेता और देश सेवा के प्रति पूर्णतः समर्पित व्यक्तित्व थे। अपने लम्बे प्रशासनिक अनुभव और अद्भुत कार्यकुशलता से उन्होंने छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### महिला संग्राहकों को मिलेगी चरण पादुका

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों की महिलाओं को विशेष सुविधा देने के उद्देश्य से चरण पादुका वितरण किया जा रहा है। इस योजना के तहत बीजापुर जिले के 54 हजार 330 महिला तेंदूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका वितरित की जाएगी। मुख्यमंत्री की मंशानुरूप और वन मंत्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में चरण पादुका योजना संचालित की जा रही है।

### गृह मंत्री आज बीजापुर दौरे पर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के उप मुख्यमंत्री तथा गृहमंत्री विजय शर्मा 3 जुलाई को बीजापुर जिले के एक दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। प्रवास के दौरान विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण तथा जिले में संचालित विकास कार्यों का समीक्षा करेंगे।

## कर्मचारियों की लापरवाही आयी सामने, अब कार्रवाई का इंतजार

# पिसीद समिति में अव्यवस्था : कार्यालय समय में ताला, भटकते रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

विकासखंड के ग्राम पिसीद में संचालित ग्रामीण सेवा सहकारी समिति मर्यादित पिसीद में गुरुवार को सुबह से समिति का ताला लटका रहा, जिससे किसान परेशान होते रहे। क्षेत्र में मानसून सक्रिय होने के बाद किसान खेतों में फसल लगाने की तैयारी में आधे से ज्यादा किसान खेतों में धान बुवाई कर चुके हैं, जिसके लिए खाद्य और बीज वितरण समितियों पर हो रहा है।

जिसके लिए किसान समिति में जाकर खाद्य ले रहे हैं और गुरुवार सुबह से किसान खाद्य लेने पीसीद सोसायटी पहुंचे थे, मगर सुबह से शाम तक न तो समिति प्रबंधक विनोद कैवर्त्य नजर आए और न ही कोई कर्मचारी जिसके चलते सुबह से पिसीद सहकारी समिति में ताला लगा रहा और किसान परेशान होते रहे। किसानों ने जब इसकी सूचना समिति के प्राधिकृत अधिकारी कृष्ण कुमार पटेल को सूचना दी। इसके बाद अध्यक्ष पटेल स्वयं जांच करने समिति पहुंचे जहां सोसायटी में ताला लगा रहा। कोई भी कर्मचारी मौजूद नहीं थे। इस मामले को लेकर जब मीडिया ने सहकारिता सीईओ कसडोल पुनेश्वर प्रसाद ध्रुव को जानकारी दी तो श्री ध्रुव ने जांच अधिकारी रोहित जायसवाल सहकारी बैंक कसडोल को भेजकर जांचकर उचित कार्यवाही करने की बात कही। लेकिन देर शाम तक न कोई जांच हुई न कार्रवाई। फिलहाल इस मामले में सहकारी बैंक के प्रबंधक ने एक दिवस का वेतन काटने की बात कही है। साथ ही समिति के प्राधिकृत अधिकारी कृष्ण कुमार पटेल ने ऐसे गैर जिम्मेदार समिति प्रबंधक को तत्काल हटाने की बात कही है। अब देखना होगा कि आगामी किसानों के धान के ब्याज से चलने वाली समिति के गैर जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ सहकारिता विभाग क्या कार्रवाई करता है।

जब मीडिया की टीम ने सहकारी समिति पिसिद पहुंचकर जानकारी ली तो समिति की कर्मचारियों की बड़ी लापरवाही सामने आयी। सूत्रों की माने तो यहां 11 कर्मचारियों की लंबी चौड़ी फौज मौजूद है, जबकि इतने कर्मचारी आसपास के समितियों में नहीं है, लेकिन यहां मानसून का फायदा उठाकर सभी कर्मचारी हॉलीडे मानते रहें। जबकि आगामी खरीफ फसल की बोआई किसान वर्ग लगे हुये हैं, लेकिन यहां जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारियों को दूर कर हॉलीडे मनाते रहे। साथ ही मीडिया के जानकारी के बावजूद यहां किसी भी जिम्मेदार ने जांचकर कार्रवाई की जहमत नहीं उठाई। बल्कि कार्रवाई का आश्वासन जरूर दिया। बहरहाल अब आगे देखना होगा कि विभाग किस तरह की कार्रवाई करता है।




### कार्रवाई होना चाहिए

मुझे डीएपी की जरूरत है, मैं पिछले बार आया था, तो नहीं आने की जानकारी दी गई थी और आज आया हूं, तो सुबह से सहकारी समिति में ताला लगा हुआ है, कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई होना चाहिए।
**-गोपीचंद साहू**, किसान

### समिति में ताला लगा था

मुझे किसानों ने जब जानकारी दी कि समिति में ताला लगा है, और जब मैं जाकर देखा तो 11 कर्मचारी में से कोई भी कार्यालय में नहीं था। ताला भी लगा था। मैं ऐसे गैर जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई हेतु अधिकारियों को पत्र व्यवहार करूंगा।
**-कृष्ण कुमार पटेल,**
अध्यक्ष, सहकारी समिति पिसिद

### समिति में कोई नहीं मिला

पिछले साल मैंने पहली बार धान बेचा था, इसलिए आज मैं जानकारी लेने आया था। मैं सब काम छोड़कर आया था, लेकिन यहां तो कोई नहीं है, इसलिए जानकारी ही नहीं मिला। कर्मचारियों को निर्धारित समयावधि पर मौजूद रहना चाहिए।
**-गुलाबचंद साहू,**
किसान

## दिल्ली, यूपी से पर्यटक सिद्धेश्वर मंदिर की नक्काशी देखने पलारी पहुंचे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

ब्लॉक के बालसमुंद तट पर स्थित पुरातात्विक विभाग के अधीन 900 ईस्वी के अति प्राचीन सिद्धेश्वर मंदिर दूर-दूर तक प्रचलित है, जहां मंदिर के लाल ईंटों से निर्मित मंदिर के चारों ओर ईंट को उकेरकर अनेक देवी देवताओं का अद्भुत चित्रण किया गया है, जिसे दूर दराज से सैलानियों का जमावड़ा लगा रहता है।

■ 900 ईसवीं के अति प्राचीन सिद्धेश्वर मंदिर की ख्याति दूर-दूर तक फैली

बुधवार को दिल्ली और उत्तरप्रदेश के सैलानी पलारी के सिद्धेश्वर मंदिर दर्शन करने पहुंचे, जहां ये सैलानी शिवलिंग की पूजा अर्चना की पश्चात मंदिर के चारों दिशाओं में हुए अद्भुत नक्काशी से अभिभूत और आश्चर्यचकित हुए। दिल्ली से आए सैलानी पार्वती देवी, नीरज गुप्ता ने कहा कि पलारी की सिद्धेश्वर मंदिर अलौकिक और दर्शनीय है, यहां आकर सुखद अनुभूति का एहसास हो रहा है। उन्होंने बताया कि बालसमुंद तट का वातावरण बेहद शांत, शीतल, खुशनुमा और मनभावन है उन्होंने कहा योजना बनाकर यहां फिर से आने की ईच्छा व्यक्त की।

जौनपुर युपी के कमल साहू, नीरज किशोर साहू, दिलीप साहू ने कहां कि प्राचीन सिद्धेश्वर मंदिर दर्शनीय है तथा बनावट की प्रशंसा की तथा विशाल बालसमुंद तालाब मे सैलानियों के लिए नौकायन प्रंशनीय है उन्होंने पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि 150 एकड़ मे फैले विशाल बालसमुंद तालाब की चारों ओर डिस्पोजल, पानी पाऊच से गँदगी पसरी हुई है वही तालाब में जलकुंभी की साफ-सफाई कर सौंदर्यीकरण की आवश्यकता बताई,जिससे सैलानियों में इजाफा होगा।

## डिजिटल क्रॉप सर्वे से फसल का सर्वेक्षण होगा सटीक और सरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



अब भूमि चिन्हांकन और फसल सर्वेक्षण का कार्य डिजिटल तरीके से अधिक आसान और सटीक हो सकेगा। एग्रीस्टैक एप और जियो रेफरेंसिंग तकनीक के माध्यम से खेतों का वास्तविक सर्वेक्षण कर भू-संबंधी विवादों का समाधान तेजी से किया जा सकेगा। इसी क्रम में आज जिला पंचायत सभाकक्ष में डिजिटल क्रॉप सर्वे विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया, जो दो पालियों में संपन्न हुई। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व अमले को प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को फील्ड में पूरी गंभीरता और निष्ठा से लागू करनें तथा सीमांकन से जुड़े सभी लंबित प्रकरणों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिये।

■ जिले 524 ग्रामों में 15 अगस्त से प्रारम्भ होगा डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण

कार्यशाला में मास्टर ट्रेनरों ने जिले के राजस्व अमले को डिजिटल क्रॉप सर्वे की सम्पूर्ण प्रक्रिया का व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। इस तकनीक के माध्यम से हर खसरे और भू-खंड में जाकर फसल की जियो-टैग्ड तस्वीरें ली जाएंगी, जो ऑनलाइन एग्रीस्टैक पोर्टल में दर्ज होंगी। किसानों का पंजीयन सर्वेयर द्वारा किया जाएगा, जिसके उपरांत उन्हें एक फार्मर आईडी प्रदान की जाएगी। वर्तमान खरीफ सीजन 2025 में जिले के सभी तहसीलों के 524 ग्रामों में 15 अगस्त 2025 से डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक ग्राम से अधिकतम 20 स्थानीय युवाओं का चयन किया जाएगा। यह चयन पटवारी के माध्यम से तहसीलदार द्वारा किया जाएगा। सर्वेयर चयन हेतु ग्राम के निवासी युवा जिनके पास न्यूनतम 10वीं कक्षा उत्तीर्ण व एंड्रॉइड मोबाइल फोन उपलब्ध हो सर्वेयर के रूप में कार्य हेतु पात्र होंगे।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा- देश के किसानों-जवानों की उठाएंगे आवाज केंद्र सरकार की नाकामी जनता को बताएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा किसान-जवान-संविधान जनसभा का पोस्टर लॉन्च किया गया। 7 जुलाई को रायपुर के साइंस कालेज मैदान पर अखिल भारतीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के मुख्य आतिथ्य में विशाल जनसभा का आयोजन किया जा रहा है। सभा में विशेष रूप से एआईसीसी महासचिव प्रभारी केसी वेणुगोपाल और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महासचिव सचिन पायलट भी हिस्सा लेंगे।

पोस्टर लॉन्च के दौरान एआईसीसी राष्ट्रीय सचिव एवं छत्तीसगढ़ सह प्रभारी जरिता लैतफलांग, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू, महामंत्री सुबोध हरितवाल, सोशल मीडिया प्रभारी संजीव शुक्ला समेत अनेक कांग्रेसी उपस्थित रहे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने इस दौरान संवाददाताओं से चर्चा करते हुये कहा, इस सभा का उद्देश्य छत्तीसगढ़ सहित देशभर में किसानों, जवानों की आवाज उठाना, साथ ही केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा जिस प्रकार से संविधान और संवैधानिक संस्थानों की स्वायत्तता पर प्रहार किया जा रहा है, उसको जनता तक ले जाना है।



### भाजपा नहीं चाहती किसान धान पैदा करे

*प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, खरीफ की फसल में दलहन, तिलहन की फसल लेने वाले किसानों को प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय किसानों से नया धोखा है। छत्तीसगढ़ के जलवायु के अनुसार धान की फसल लेना खरीफ में किसानों के लिये सबसे ज्यादा फायदे की खेती है। साय सरकार खरीफ के फसल के लिये बीज, खाद उपलब्ध नही करवा पा रही तो प्रोत्साहन योजना के तहत प्रलोभन दिया जा रहा ताकि किसान धान की फसल न ले और सरकार को 3100 रुपए में धान नहीं खरीदना पड़े।*

### चिकित्सा छात्रों के लिये हास्टल निर्माण दो सालों से रुका

उन्होंने कहा कि बेहद ही दुर्भाग्यजनक है कि सरकार की लापरवाही का खामियाजा चिकित्सा छात्रों की भुगतना पड़ रहा है। हास्टल की कमी के कारण चिकित्सा छात्र परेशान है। उनकी पढ़ाई बाधित हो रही है। कांग्रेस की सरकार ने हास्टल बनाने के लिये 24 करोड़ की राशि स्वीकृत किया था, उसका टेंडर भी किया था, लेकिन भाजपा की सरकार बनने के बाद दो साल से काम रूका पड़ा है।

### स्कूलों की पढ़ाई चौपट

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, सरकार की हठधार्मिता के कारण स्कूलों की पढाई चौपट हो गयी है। युक्तियुक्तकरण के कारण सरकार ने बड़ी संख्या में शिक्षकों का ट्रांसफर तो कर दिया है, लेकिन प्रदेश के हजारो स्कूल ऐसे है, जहां पर अभी तक शिक्षक नहीं पहुंच पाये। एक शिक्षक पांच कक्षाएं ले रहे। 10463 स्कूल बंद होने के कारण अनेकों स्थान पर बच्चों को अपने घर से तीन से पांच किलोमीटर पैदल चल कर स्कूल जना पड़ रहा।

## सामान्य सभा में शुल्क बढ़ोतरी का निर्णय, हुआ था चौतरफा विरोध

# फार्मेसी काउंसिल ने वापस लिया शुल्क बढ़ोतरी का फैसला जमा कर चुके फार्मासिस्टों को वापस की जाएगी राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



फार्मेसी काउंसिल की सामान्य सभा में पंजीयन और नवीनीकरण शुल्क में बढ़ोतरी का फैसला विशेष बैठक में वापस ले लिया गया है। शुल्क वृद्धि का चौतरफा विरोध हो रहा था। बैठक में यह भी फैसला लिया गया है कि जिन फार्मासिस्टों ने बढ़े हुए शुल्क में प्रक्रिया पूरी की है, उन्हें अतिरिक्त राशि वापस की जाएगी। नये फैसले के अनुसार पंजीयन नवीनीकरण के लिए कोरोनाकाल में जो 2 सौ रुपये की छूट दी जा रही थी, उसे वापस लेकर पुनः 5 सौ रुपये निर्धारित किया गया है। स्टेट फार्मेसी काउंसिल ने 8 मई की बैठक में फार्मासिस्ट पंजीयन में दो गुनी वृद्धि की थी। आवेदन करने वालों के इसके लिए 1 हजार के बजाए 2 हजार रुपये शुल्क देना तय किया गया था। इस आदेश के सामने आने के बाद सामान्य सभा के पदेन सदस्य (मेडिकल) डॉ. राकेश गुप्ता एवं अन्य निर्वाचित सदस्य भगतराम शर्मा ने विरोध किया था। इसके बाद विभिन्न दवा विक्रेता संघ ने इस पर आपत्ति जताई थी। विरोध के बाद फैसले पर पुनर्विचार के लिए बुधवार 2 जुलाई को न्यू सर्किट हाउस विशेष बैठक का आयोजन किया गया। निर्णय लिया गया है कि किसी भी प्रकार की फीस में वृद्धि नहीं की जाएगी। केवल कोविडकाल में घटाकर 3 सौ रुपये किए गए पंजीयन नवीनीकरण शुल्क को पुनः 5 सौ रुपये करने का फैसला लिया गया है। इसके साथ ही 1 जून से ले ली गई बढ़ी फीस को फार्मासिस्टों को वापस किये जाने का निर्णय लिया गया है।

### दवा विक्रेता संघ ने माना अभार

रायपुर जिला दवा विक्रेता संघ वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीडिया प्रभारी अश्विनी विग ने छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का आभार व्यक्त किया है। फार्मेसी काउंसिल में विगत दिनों जो फार्मासिस्ट रजिस्ट्रेशन फीस एवं नवीनीकरण फीस में वृद्धि की गई थी उसे बुधवार की बैठक के द्वारा वापस लिया गया है।

### सर्वसम्मति से निर्णय

नए पंजीयन एवं नवीनीकरण सहित अन्य फीस बढ़ाकर एक जून से लागू किया गया था। राज्य के विभिन्न फार्मासिस्ट संगठन तथा दवा व्यापारी संगठनों सहित कुछ एक काउंसिल सदस्यों ने भी इसे कम करने का आग्रह किया था। विशेष बैठक में विभिन्न बिन्दुओं पर पुनर्विचार कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि किसी भी प्रकार की फीस में वृद्धि नहीं की जाएगी।

**- अश्विनी गुर्देकर**
रजिस्ट्रार
स्टेट फार्मेसी काउंसिल

## नगर निगम के 23 सब इंजीनियर हुए इधर से उधर

### तबादले में जोन 4 और जोन 6 में सबसे अधिक 4 इंजीनियर पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने 23 उप अभियंताओं का तबादला कर दिया है। सहायक अभियंताओं की तबादला सूची में जोन 4 कमिश्नरी में सबसे अधिक 4 इंजीनियर तबादले के बाद पहुंचे। इसी तरह जोन 6 में भी एक साथ 4 इंजीनियर पहुंचेंगे। जोन 4 कमिश्नरी में तबादले के बाद जोन 1 से रोशनदेव रात्रे, हिमांशु चंद्राकर जोन 6 से, रंजीत कुमार बारवा जोन 3 से और निगम मुख्यालय में अटैच अंकिता अग्रवाल जोन 4 में करेंगी। वहीं जोन 6 में सागर ठाकुर जोन 1 से जाएंगे, इनके अलावा जोन 5 से कनिका ढारगावे, जोन 8 से विक्रम सिंह ठाकुर और जोन 8 से रचना संघवी का तबादला हुआ है। नगर निगम आयुक्त ने अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक नगर निगम के 23 उप अभियंताओं की नवीन पदस्थापना की है। इसके अनुसार उपअभियंता अंकिता सोनवर्षा जोन 3 से जोन 1,गोपाल प्रधान जोन 4 से जोन 1, सागर ठाकुर जोन 1 जोन 6 पदस्थ किये गये हैं। इसी तरह श्रुति चर्तुवेदी जोन 1 से जोन 3 भेजा गया है। उप अभियंता कृति शर्मा जोन 6 से जोन 7, रोशनदेव रात्रे जोन 1 से जोन 4, रंजीत कुमार बारवा जोन 3 से जोन 4, हिमांशु चंद्राकर जोन 6 से जोन 4, मेघा साहू जोन 6 से जोन 10 विद्या देशलहरा जोन 5 से जोन 7, निर्मल कुमार तिग्गा जोन 2 से जोन 5, नवीन कुमार शर्मा जोन 4 से जोन 2, कनिका ढारगावे जोन 7 से जोन 6, विक्रम सिंह ठाकुर जोन 8 से जोन 6, रचना सिंघवी जोन 8 से जोन 6, राहूल थारानी जोन 6 से जोन 7, रूचि साहू मुख्यालय से जोन 5, अबरार खान जोन 9 से जोन 8, मनीषा निराला जोन 4 से जोन 8, जयनंदन डहरिया मुख्यालय से जोन 3, शुभम तिवारी स्मार्ट सिटी वर्तमान कार्य के साथ जोन 9 का कार्य देखेंगे। जिज्ञाशा जैन मुख्यालय से जोन 9 और अंकिता अग्रवाल मुख्यालय से जोन 4 में पदस्थ की गयी हैं।

स्थापना वर्ष 2014
आइये मेडिकल के क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें...
विजन पैरामेडिकल
INFORMATION | CAREER GUIDANCE | ADMISSION
COUNSELING & COACHING CENTER
प्रवेश प्रारंभ
गुणवत्ता युक्त एवं विश्वसनीय सेंटर
सभी पाठ्यक्रम छत्तीसगढ़ में नौकरी एवं रजिस्ट्रेशन हेतु मान्य है।
मो.: 9340751120, 9131330801, 7869622725
गर्ल्स हॉस्टल सुविधा उपलब्ध
योग्यता - 12वीं (जीव विज्ञान)
COURSES
BACHELOR IN MED.LAB.TECHNICIAN - 3 Years
DIPLOMA IN MED.LAB.TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN AYURVEDIC PHARMACY - 2 Years
DIPLOMA IN X-RAY TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN OPTHELMIC TECHNICIAN - 2 Years
CERTIFICATE IN OT TECHNICIAN - 1 Years
पता : राछाभाठा (नवागढ़) जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.), कोबिया सृजन ITI के पीछे, बेमेतरा (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### शराब पीने की सुविधा देने पर हुई कार्रवाई

**महासमुंद।** शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले एक आरोपी के खिलाफ सरायपाली पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी विजय नंद पिता मारकंडे नंद (40 साल) जोगनीपाली के खिलाफ धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### माता-पिता से मारपीट

**महासमुंद।** अपनी मां और पिता से मारपीट के मामले में पटेवा थाने में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को धनेश्वरी मारकंडे निवासी ग्राम पंडरीपानी ने बताया कि 2 जून की रात करीबन 8 बजे उसके जीवराखन मारकंडे चिल्ला रहे थे, तभी उसका बेटा खोमन मारकंडे आया और जीवनराखन को तुम मुझे गाली गलौच कर चिल्लाी रहे हो कहते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा, बीच बचाव करने पर प्रार्थिया के साथ भी मारपीट की। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### महिला से देवर ने की मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** महिला से मारपीट करने वाले देवर के खिलाफ सिंघोड़ा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को लता कुलदीप पति हेमसागर कुलदीप (40 साल) निवासी मानपाली ने बताया कि 2 जून की दोपहर 2:30 बजे उसका देवर तहसील कुलदीप पिता गौतम कुलदीप (38 साल) शराब पीकर उसके साथ गाली गलौज कर रहा था।

### अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**धमतरी।** अपने घर में अवैध शराब की बिक्री कर रहे युवक को भखारा पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। भखारा पुलिस को मुखबिर से ग्राम कोसमर्रा में देवराज पारधी द्वारा अपने घर में बिक्री के लिए अवैध रूप से शराब रखने की सूचना मिली। पुलिस ने तत्काल देवराज पारधी के घर में दबिश दी। तलाशी के दौरान आरोपी द्वारा बोरी में बिक्री करने के लिए अवैध शराब रखना पाया गया। पुलिस ने आरोपी के घर से 34 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 2720 रुपए जप्त की। इस मामले में भखारा थाना में आबकारी एक्ट 34/2 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी देवराज पारधी पिता शत्रुहन उम्र 24 वर्ष ग्राम कोमसर्रा थाना भखारा निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

पेज 11 के शेष

### डायरिया प्रभावित गांवों

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश अवस्थी, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. केके टेम्भूरने, आईडीएसपी के जिला नोडल अधिकारी डॉ. अभिजीत बैनर्जी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### पुलिस के दुर्व्यवहार..

विरुद्ध आवश्यक कानूनी एवं विभागीय कार्रवाई की जाए, भविष्य में आम नागरिकों एवं पत्रकारों के साथ इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने ठोस कदम उठाए जाएं, प्रेस क्लब के पदाधिकारियों एवं पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए ताकि वे स्वतंत्र रूप से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें।

### शराब तस्करी ...

कमाने के उद्देश्य से पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों के साथ संगठित होकर शराब तस्करी करने में सहयोग करना स्वीकार किया। विदित हो कि 39 वर्षीय परसराम भारद्वाज अवैध रूप से शराब तस्करी के कई मामलों से जुड़ा हुआ है। पुलिस द्वारा आरोपी की संपत्ति की भी संपूर्ण जानकारी एकत्र की जा रही है। प्रकरण में जांच एवं विवेचना कार्रवाई जारी है।

---

**आयोजन : प्राथमिक विद्यालय केशला में मनाया गया प्रवेशोत्सव**

# प्रवेशोत्सव पर छात्रों को बांटे गए बैग, टाई, बेल्ट और कापी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा





प्राथमिक विद्यालय केशला बस्ती में नवप्रवेशी बच्चों के स्वागत, सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। आमंत्रित आकर्षक वेश भूषा से सुसज्जित नन्हें बालक-बालिकाओं का मंच स्थल पर प्रवेश करते ही अतिथियों एवं उपस्थित पालकों द्वारा पुष्प वर्षा कर नवप्रवेशित बच्चों का मुंह मीठा कर स्वागत किया गया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शंकर लाल देवांगन द्वारा पहाड़ा, पेन ग्रामीण सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष शिवलाल देवांगन द्वारा कापी, ग्राम के प्रथम नागरिक मयाराम वंशे एवं हेमंत कुमार देवांगन द्वारा पेंसिल, सभी बच्चों को पेन एवं बिस्कुट एवं संस्था प्रमुख संतोष कुमार वर्मा द्वारा बैग, टाई, बेल्ट, कापी प्रदान की गई। प्रवेशोत्सव पर शाला से युक्तियुक्तकरण के तहत स्थानांतरित शिक्षिका अंजनी गिलहरे एवं गणेश्वरी नवरंगे को बिदाई दी गई। प्रवेशोत्सव के अवसर पर बच्चों न्योताभोज दिया गया। न्योताभोज में स्थानांतरित शिक्षिकाओं द्वारा केला, मयाराम वंशे एवं हेमन्त कुमार देवांगन द्वारा बिस्कुट तथा लक्ष्मी स्व सहायता समूह द्वारा खीर-पूरी परोसी गई। कार्यक्रम में जनपद पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मुकेश भारद्वाज, सरपंच मयाराम वंशे, उपसरपंच लोमश कुमार देवांगन, हेमंत कुमार देवांगन पंच, शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष शंकर लाल देवांगन, उपाध्यक्ष शांति बाई देवांगन, ग्रामीण सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष शिवलाल देवांगन, पालकगण, शाला की समस्त शिक्षक स्टाफ की उपस्थिति रही।

## प्रवेशोत्सव पर हुई नृत्य प्रतियोगिता



**खरोरा।** अमन पब्लिक स्कूल में प्रवेश उत्सव पर छात्रों के लिए ग्रीन डे तथा एकल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण सजाया गया और सभी बच्चे हरे रंग की वेशभूषा में दिखाई दिए। प्रतियोगिता में लीशा महिलांग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय भौमिक कमल को प्राप्त हुआ, जबकि मनीष चक्रधारी ने तृतीय स्थान हासिल किया। विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। साथ ही विद्यालय में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया और योग के शारीरिक व मानसिक लाभों पर चर्चा की। विद्यालय को इस विशेष अवसर पर प्रधानमंत्री योग संगम पत्र से सम्मानित किया गया, जो योग के क्षेत्र में विद्यालय के सक्रिय योगदान का प्रमाण है। यह सम्मान सम्पूर्ण विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। इस आयोजन में शिक्षक-शिक्षिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## प्राथमिक शाला नंदनिया में मना प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

विकासखंड कसडोल के शासकीय प्राथमिक शाला नंदनिया में बुधवार को प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नवीन प्रवेशित बच्चों का तिलक, आरती व पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। विद्यालय को रंग-बिरंगे पताकाओं और गुब्बारों से सजाया गया था, जिससे समस्त वातावरण आनंदमय हो उठा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानपाठक अशोक वर्मा ने की। अतिथि के रूप में स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष उमा पैकरा एवम सदस्यगण उपस्थित रहे। बच्चों को डिक्शनरी, गणवेश,अभ्यास पुस्तिका ,पेन एवम चॉकलेट आदि शैक्षिक सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन अर्चना के साथ हुआ।ततपश्चात प्रधानपाठक द्वारा शाला प्रवेश उत्सव की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। कक्षा 1ली के बच्चों के माता पिता से अनुरोध किया कि बच्चों को नियमित तैयार कर के शाला भेजे। इस अवसर पर बच्चों द्वारा तैयार किए गए 'बाल अखबार' बाल -जगत का भी विमोचन किया गया। इसमें बच्चों की कहानियां, चित्र, कविताएं व बाल रचनाएं प्रकाशित की गई हैं। यह बाल सृजनात्मकता का सुंदर उदाहरण रहा। इस वर्ष प्रत्येक कक्षा के बच्चों द्वारा बाल अखबार का निर्माण किया जा रहा है। इस अवसर पर बच्चों ने स्वरचित लेख को अतिथियों के सम्मुख वाचन किया।बाल अखबार की सराहना करते हुए अतिथियों ने बच्चों को प्रोत्साहित किया और ऐसे प्रयासों को निरंतर बनाए रखने की बात कही। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन कसडोल से पधारे नरेंद्र ने बाल अखबार का एक विशेषांक पालको की कहानी या किस्सा को बच्चे सुनकर अपने शब्दों में लिखकर निर्माण करने की बात कही, जिसे पालको ने सहर्ष स्वीकार किया।अंत में आभार प्रदर्शन शिक्षक लोकनाथ बरिहा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में समस्त शिक्षकों, पालकों व विद्यार्थियों के साथ चन्द्रभान पैकरा, गौर सिंह पैकरा, विशाल पैकरा,रामदुलार पैकरा, खिलेश, नंदनी यादव प्रमिला ध्रुव आदि का योगदान सराहनीय रहा।

### सुंदरा में मना शाला प्रवेश उत्सव

**खरोरा।** शासकीय प्राथमिक शाला सुंदरा में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पालकगण एवं ग्रामवासी उपस्थित थे। नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर मुंह मीठा कराया गया एवं गणेश टाई, बेल्ट एवं पुस्तक का वितरण किया गया। सरपंच बालक दास मानिकपुरी ने छात्रों को तिलक लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में छगन यादव, कलावती गायकवाड़, संजय यादव, तुमनाथ यादव, भरत साहू, हीरा बाई जांगड़े, आशा लहरी, माधवी लहरी, चंद्रिका यादव, उषा यादव, संकुल समन्वयक रामाधार साहू शिक्षक राकेश शर्मा, गिरिजेश कुमार साहू, अजय जांगड़े उपस्थित थे।



### सिंधोरा में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

**पलारी।** ग्राम सिंधोरा के प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इसमें मुख्य अतिथि दयाल प्रसाद महेश्वर ने नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का मूंह मीठा कर गुलाल, गणवेश वितरण कर स्वागत किया। उक्त अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में शंभू सिंह डहरिया प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य, सरपंच दयाल प्रसाद महेश्वर, उपसरपंच रेवती यदु, पंच रुक्मणी चंद्राकर, संतोषी यादव, कामदेव सिंह, हरविंदर बंजारे, केजराम महेश्वर, नरोत्तम महेश्वर, अनूप यादव सहित ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।






### इंपीरियल पब्लिक स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव

**गोपालपुर।** ग्राम पंचायत रोहिना में विश्व भारती इंपीरियल पब्लिक स्कूल में 1 जुलाई को प्रवेश उत्सव मनाया गया। इसमें सरपंच सुदर्शन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विशिष्ट अतिथियों में सरपंच गिरसा, ग्राम कोटवार जगत साहू, पूर्व सरपंच विक्रम सोनवानी, दरस टंडन शामिल हुए।

---

# माता पहुंचानी पर श्रद्धा और उल्लास से गूंज उठा गांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा





ग्राम पंचायत मुड़पार में आज अषाढ़ माह के पावन गुरुवार को पारंपरिक माता पहुंचानी कार्यक्रम का आयोजन पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। यह धार्मिक आयोजन गांव में आदिकाल से चली आ रही परंपरा का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य गांव को महामारी, बीमारियों और प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षित रखना है। कार्यक्रम की शुरुआत बैगा रेवाराम वर्मा द्वारा माताजी के विशेष सिंगार से की गई। इसके पश्चात जसगीत मंडलियों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। गांव के वरिष्ठ नागरिकों, माताओं, बहनों और बच्चों सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

दाउ रविंद्र कुमार वर्मा ने कार्यक्रम का महत्व रेखांकित करते हुए बताया कि यह आयोजन न केवल आध्यात्मिक रूप से महत्वपूर्ण है, बल्कि सामाजिक एकता और गांव की सुरक्षा का प्रतीक भी है। माता शीतला मंदिर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। मंदिर में जगत जननी मां जगदंबा भवानी जी की विशेष आरती की गई और श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण का भव्य आयोजन भी हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में गांव के कई वरिष्ठ नागरिकों का सराहनीय योगदान रहा, जिनमें प्रमुख रूप से सेवानिवृत्त छत्तीसगढ़ पुलिस भोजराम वर्मा, रिकी राम सेन, अग्रहित दास मानिकपुरी, ईगल प्रसाद वर्मा, सेवाराम ध्रुव, चैनू यादव, शोभित राम निषाद, लतेलू राम साहू, आजूराम ध्रुव, टोप सिंह वर्मा, सुरेश कुमार वर्मा और आदर्श निर्माण ग्राम पंचायत मुड़पार के नागरिक शामिल रहे। गांववासियों की एकता, आस्था और सहयोग ने इस पारंपरिक आयोजन को अत्यंत सफल और प्रेरणादायी बना दिया।

# सूती उरकुली में भागवत महापुराण कथा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी



ग्राम सूती उरकुली में भागवत महापुराण कथा का आयोजन 2 से 10 जुलाई तक किया जा रहा है। कथा व्यास किशोरी आराध्या शर्मा है। पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई। 3 जुलाई को मंगलाचरण महत्याम व गोकर्ण कथा सुनाई गई। आज सुकदेव एवं परीक्षित जन्म की कथा सुनाई जाएगी। 5 जुलाई को कपिलावतार, ध्रुव चरित्र, शिव पार्वती विवाह, 6 जुलाई को प्रहलाद चरित्र, वामन चरित्र, श्री कृष्ण जन्मोत्सव श्री राम चरित्र कथा, 7 जुलाई को कृष्ण लीला, माखन चोरी ,गोवर्धन पूजा, रासलीला, 8 जुलाई को गोपी विरह गीत , कंस वध, रुक्मणी मंगल, 9 जुलाई को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, कथा विश्राम, चढ़ोत्री एवं 10 जुलाई को वार्षिक श्राद्ध, तुलसी वर्षा, गुरु पूर्णिमा महोत्सव, हवन यज्ञांतस्नान, कपिला तर्पण, पूर्णाहुति एवं भंडारा आरती का आयोजन किया गया है।

ज्ञात हो कि श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा स्व. भूपेंद्र कुमार साहू सहायक शिक्षक एवं पितरों के उद्धार हेतु प्राचार्य रामकुमार साहू के द्वारा आयोजित किया गया है। उन्होंने अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पधार कर ज्ञान यज्ञ में भाग लेकर अखंड पुण्य के भागी बने और जीवन को धन्य बनाएं । कथा श्रवण का समय दोपहर 3 से 7 बजे तक होगा।

---

**बरसात में जोखिम भरी सड़क पर चलने क्षेत्रवासी मजबूर**

# सड़क निर्माण के लिए करोड़ों स्वीकृत, लेकिन निर्माण कार्य अधूरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां

सरसीवां क्षेत्र के समीप ग्राम पंचायत सरधा भाठा, बालपुर, कोसीर मुख्य मार्ग जर्जर स्थिति में है, जो जान लेवा साबित हो रहा है। पेंड्रावन से होकर कोसीर जाने वाली मुख्य मार्ग गड्ढों में तब्दील हो चुका है। पूर्व में सड़क निर्माण को लेकर स्थानीय नेताओं व ग्रामीणों के प्रयास से मुख्य सड़क निर्माण का टेंडर स्वीकृत हुआ। पेण्ड्रावन, सरधाभाठा, बालपुर कोसीर पहुंच पक्की सड़क मार्ग चौड़ीकरण 7 किमी लम्बाई स्वीकृत निर्माणाधीन सड़क मार्ग को ठेकेदार द्वारा उक्त सड़क में 5 पुल पुलिया निर्माण कर शेष काम आज पर्यन्त तक अधूरा छोड़ दिया है। ग्रामीण आज भी नए सड़क निर्माण की आस लगाए बैठे हैं, जबकि सड़क के लिए लगभग 16 करोड़ राशि स्वीकृत हुई है।

सड़क पर गड्ढे होने से स्कूली बच्चे, राहगीर आए दिन हादसों का शिकार होते हैं। इस मार्ग पर चार पहिया वाहन भी चलना दूभर हो गया है। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के एसडीओ पीएल बंजारे ने बताया कि अभी अभी मेरी ज्वाइनिंग हुई है। मैं उस मार्ग के बारे में नहीं जानता सब इंजीनियर से पूछिए। अब देखने वाली बात है कि कब तक ग्रामीणों को जान जोखिम में डालकर चलना पड़ेगा, क्या शासन प्रशासन व जिले के उच्च अधिकारी सम्बंधित अधिकारी संज्ञान में लेते हैं।

---

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिलाईगढ़, जिला - सारंगढ़ - बिलाईगढ़ (छ.ग.)

**ईश्तहार / उद्घोषणा**

**रा.प्र.क्र..... अ / 2 वर्ष 2024-25**
**ग्राम-बिलाईगढ़ तहसील बिलाईगढ़**
**जिला - सारंगढ़- बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि, ग्राम बिलाईगढ़ तहसील बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ - बिलाईगढ़ (छ.ग.) की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी के लिये व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त भूमि का व्यपवर्तन आवेदक सुधीर खटकर पिता अवधराम जाति सतनामी साकिन टाडापारा तहसील बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ - बिलाईगढ़ (छ.ग.) के द्वारा भूमि व्यवसायिक प्रयोजन के किये जाने पर, जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप में ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 10/07/2025 के भीतर अधोस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वतः या किसी अधिवक्ता के माध्यम आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते है । निर्धारित तिथि के बाद दावा / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**अनुसूची :-** भूमि खसरा नं. 738/4 रकबा 0.057 हे. पैसे

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 26/06/2025 को जारी किया गया है।

मुहर
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**बिलाईगढ़**

---

न्यायालय तहसीलदार सुहेला, जिला बलौदाबाजार -भाटापारा (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र 202505210100083 अ-21 वर्ष 2024-25 ग्राम करही प.ह.नं. 38, तहसील सुहेला जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग.

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है। आवेदक तिरिथराम पिता गणेशराम सेन, जाति नाई कास्तकार ग्राम करही तहसील सुहेला, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा ग्राम करही प.ह.न. 38 तहसील- सुहेला स्थित खसरा नंबर 739 रकबा 0.500 हे. भूमि को अनावेदक श्री सीमेंट लिमिटेड खपराडीह, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) को आपसी सौदा मूल्य 15,00,000/- रूपये (अक्षरी पन्द्रह लाख रूपये) प्रति एकड़ की दर से भूमि विक्रय करने का सौदा किया है, तथा बयाना राशि 2,47,000/- रूपये (अक्षरी दो लाख सैंतालीस हजार रूपये) आवेदक द्वारा प्राप्त किया है। उक्त भूमि को विक्रय करने की अनुमति मिलने बाबत छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (7) के तहत आवेदन पत्र बी-1. खसरा पांचसाला, ईकरारनामा सहित संलग्न किया है। जो कि जांच हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा से प्राप्त हुआ है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक **10/07/2025** तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक **24/06/2025** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
**तहसीलदार**
**सुहेला**

# आस्था से मनाया माता पहुंचनी पर्व, मंदिर में लगा तांता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

अंचल हिरमी, बरडीह, कुथरौद में गुरुवार को माता पहुंचनी का पर्व परंपरागत ढंग से मनाया गया। सुबह से शीतला माता मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। देर रात तक मंदिर में पूजा-अर्चना का दौर चलता रहा।

पर्व में नगर सहित आसपास गांव के लोग भी भारी संख्या में मंदिर प्रांगण में जुटते रहे। संध्या मांदर की थाप के साथ सेवारूपी जस गीत का आयोजन किया गया। मां शीतला को नीम की पत्ती, हल्दी, तेल आदि से स्नान कराकर पूजा अर्चना की गई तथा भोग प्रसाद चढ़ाया गया। लोगों ने माता शीतला से अपने परिवार सहित क्षेत्र की समृद्धि के लिए कामना की। वर्षों से चली आ रही परंपरानुसार मंदिर में श्रद्धालुओं पर मैय्या को अर्पण हल्दी पानी के घोल, नीम की पत्ती का छिड़काव किया गया। प्रसाद के रूप में लोग इसे अपने घर भी ले गए जिसे माता के प्रकोप से पीड़ति रहे बच्चों के साथ परिवार के सभी सदस्यों पर छिड़काव किया जाएगा।

माना जाता है कि नीम के प्रभाव से रोग व कष्टों का निवारण होता है। बैगाओं के अनुसार बरसात लगते ही चेचक निकलने की शिकायत होने लगती है। इससे बचने के लिए ही हर वर्ष माता के मंदिर में पूजा अर्चना कर उससे बचने का आशीर्वाद मांगते हैं।

## मांदर की थाप के साथ सेवारूपी जस गीत का आयोजन





### हल्दी स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद

माता शीतला के मंदिर में महिला और बच्चे थाली में हल्दी तेल, नीम की पत्तियां, चना दाल, नारियल के साथ ही दीप सजाकर एवं दाल-चावल रखकर पहुंचे। वहीं मंदिर में चढ़ा हुआ प्रसाद के साथ हल्दी पानी घर लाकर लोगों ने अपने परिवारजनों में छिड़काव किया। दिलेश्वर मढरिया ने बताया कि इस पानी से शरीर ठंडा और स्वस्थ हो जाता है। मंदिर में घर से चढ़ावे की थाली ले जाकर वापस आशीर्वाद रूपी हल्दी पानी लाना माता के पास स्वयं उपस्थिति देना माता पहुंचानी कहा गया है। आयुर्वेद में हल्दी को स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद माना गया है। स्कंद पुराण में मां शीतला को चार हाथ वाली बताया गया है।

## खबर संक्षेप



### सशिमं में मनाया गया प्रवेश उत्सव, मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान

**पलारी।** नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में 3 जुलाई को नव प्रवेशित छात्रों का अभिनंदन कर प्रवेश उत्सव मनाया गया। साथ ही कक्षा दशम, द्वादश के प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि योगेश चंद्राकर पूर्व व्यवस्थापक सरस्वती शिशु मंदिर पलारी, अध्यक्षता विपिन बिहारी वर्मा, पूर्व अध्यक्ष सरस्वती शिशु मंदिर पलारी, विशिष्ट अतिथि ओमप्रकाश चंद्रवंशी व्यवस्थापक, डा. अजय राव, कोषाध्यक्ष, मीना साहू सदस्य, टुकेश्वरी वर्मा सदस्य और पालक गण भी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने कहा मार्ग प्रशस्त करने की प्रथम सीढ़ी शिक्षा है, जिसे हर हाल में ग्रहण करना चाहिए, अपने हक की लड़ाई के लिए शिक्षा ही मुख्य हथियार है, इसके बीना जिंदगी की कोई भी लड़ाई नहीं जीता जा सकती, इसलिए हर पालक का उत्तरदयीत्व है कि वह अपने बच्चे की अच्छी शिक्षा और संस्कार सुनिश्चित करें।

### शराब पीने की सुविधा देने पर हुई कार्रवाई

**महासमुंद।** शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले एक आरोपी के खिलाफ सरायपाली पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी विजय नंद पिता मारकंडे नंद (40 साल) जोगनीपाली के खिलाफ धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### निधन

#### गैंदराम यादव



**हथबंद।** स्थानीय निवासी 58 वर्षीय गैंदराम यादव का 3 जुलाई को निधन हो गया। ग्राम हथबंद के मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। वह यादव होटल के संचालक तथा कृष्ण कुमार, रविकुमार, बलराम, कौशल के पिता थे।

## नपं में अटल बिहारी वाजपेयी परिसर व मूर्ति के अनावरण में शामिल हुए उपमुख्यमंत्री साव

# विष्णु सरकार प्रधानमंत्री मोदी की हर गारंटी को पूरा कर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव



नगर पंचायत भटगांव में अटल बिहारी वाजपेयी परिसर व मूर्ति का अनावरण उपमुख्यमंत्री अरूण साव द्वारा किया गया, जहां दिन भर बरसात के कारण कार्यक्रम स्थल को बदल कर नगर के सांस्कृतिक भवन में आयोजन किया गया। वहीं उप मुख्यमंत्री अरूण साव के प्रथम नगर आगमन पर आतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया, जहां कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरूण साव कहा कि आज मेरा सौभाग्य है जो मैं अपने हाथों से भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के मूर्ति का अनावरण किया व अटल परिसर का लोकार्पण किया। विदित हो कि छत्तीसगढ़ राज्य जिसे विशेष दर्जा मिला है उसके जनक भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी है। उन्होंने ही छत्तीसगढ़ को अलग राज्य बनाया है, गांव गरीब और किसान के कोई चिंता करने वाला है तो वो है भाजपा सरकार। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गरीब के दर्द को समझते हैं। नरेन्द्र मोदी के सरकार में गांव गांव व घर-घर मे शौचालय, पक्का मकान, आयुष्मान कार्ड बनाया गया। देश के महिलाओं के सिंदूर की ताकत को दिखाते हुए आपरेशन सिंदूर चलाया और दुश्मनों को मार गिराया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार नरेन्द्र मोदी की हर गारंटी को धीरे धीरे पूरा कर रही है। पिछले 2 साल का बकाया बोनस हमारी सरकार ने दी। महिलाओं को 1000 हजार रूपये महतारी वंदन दिया, हमारी सरकार बनते ही 12 दिनों में हमने 12 लाख किसानों के खाते में 3 करोड़ 716 लाख रूपया दिया। भाजपा सरकार में आपके नगर पंचायत भटगांव में 5 करोड़ 76 लाख रूपये स्वीकृत हुआ, जिससे विकास दिख रहा है। अभी नगर पंचायत भटगांव में 99 लोगों की आवास स्वीकृति हुआ, जिसके लिये हमारी सरकार ने 3 करोड़ 5 लाख रूपये दिया। नगर भटगांव के विकास के लिए 1 करोड़ एडवांस मे घोषणा कर दी। कार्यक्रम को नगर पंचायत अध्यक्ष विक्रम कुर्रे ने भी संबोधित किया और उपमुख्यमंत्री अरुण साव से मांग किया कि हमारे भटगांव के हर तालाबों को एक दूसरे से जोड़कर पानी भरा जा सके, इसके लिए राशि स्वीकृति की मांग किया। जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडेय, पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े, भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति पटेल, जिला पंचायत सदस्य डॉ. दिनेश लाल जांगड़े, पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष जालान, नगर पंचायत अध्यक्ष विक्रम कुर्रे, उपाध्यक्ष प्रदीप देवांगन साथ ही भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरज सिंह दीक्षित, महामंत्री श्याम लाल साहू, खेलन यादव आदि मौजूद थे।



# हुकमचंद बने श्री सीमेंट रायपुर प्लांट के युनिट हैड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



श्री सीमेंट ने हुकमचंद गुप्ता को छत्तीसगढ़ के बलौदाबाज़ार स्थित अपने श्री रायपुर इंटीग्रेटेड सीमेंट प्लांट का युनिट हैड नियुक्त किया है। गुप्ता नवलगढ़ युनिट से श्री रायपुर प्लांट में आ रहे हैं। तकरीबन 30 सालों के करियर के साथ गुप्ता सीमेंट मैनुफैक्चरिंग एवं ऑपरेशनल लीडरशिप में अनुभवी विशेषज्ञ हैं। अपने स्ट्रैटेजिक एवं समग्र दृष्टिकोण के चलते उन्होंने कई युनिट्स में क्षमता विस्तार और टेक्नोलॉजी अपग्रेड्स में मुख्य भूमिका निभाई है। श्री सीमेंट के साथ अपने करियर की शुरूआत करने वाले गुप्ता के पास प्लांट ऑपरेशन्स, कॉस्ट ऑप्टिमाइज़ेशन एवं ग्रीन फ्यूल इंटीग्रेशन में अच्छा अनुभव है। वे ऑपरेशन्स, मैनुफैक्चरिंग एवं स्ट्रैटेजिक टीम मैनेजमेन्ट में विशेषज्ञ हैं तथा अल्ट्रा टेक, डालमिया भारत और जेएसडब्ल्यू सीमेंट में वरिष्ठ लीडरशिप रोल्स में अपनी सेवाएं प्रदान कर चुके हैं। श्री सीमेंट के साथ अपनी पिछली भूमिकाओं में श्री गुप्ता ने संचालन का पैमाना, दक्षता तथा स्थायित्व को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय योगदान दिया है। श्री रायपुर में वे परफोर्मेन्स, इनोवेशन एवं लोगों के विकास पर फोकस करते हुए विकास के अगले चरण का नेतृत्व करेंगे।

अपनी नई भूमिका पर बात करते हुए गुप्ता ने कहा, बलौदाबाज़ार रायपुर श्री सीमेंट की मैनुफैक्चरिंग उत्कृष्टता का आधार है। मेरे लिए गर्व की बात है कि मुझे इस स्ट्रैटेजिक युनिट कार्यभार संभालने का अवसर मिला है। मुझे विश्वास है कि इस प्लांट को अपनी सेवाएं प्रदान करते हुए मैं संचालन नेतृत्व एवं स्थायी प्रगति के साझा दृष्टिकोण में योगदान दे सकूंगा।

# रितेश का नीट परीक्षा में चयन



**पलारी।** अंचल ग्राम बिनौरी में गरीब किसान के बेटा रितेश पिता शुकदेव सेन ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण की। प्राथमिक स्तर स्कूल पढ़ाई से ही रितेश कड़ी मेहनत से नवोदय परीक्षा में चयन हुआ। शुरू से ही मेधावी छात्र रहा हैं। नीट परीक्षा में चयन होने पर स्कूल के शिक्षकों से मिलकर आशीर्वाद लिया और सभी शिक्षकों ने जीवन में हमेशा आगे बढ़ने के लिए उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर नंदनी टिकरिहा प्रधानपाठक, मुकेश साहू संकुल समन्वयक, थानसेन कुर्रे, रामेश्वरी जलहरे, परमेश्वरी फेकर, धनेश्वरी जांगड़े, शुकदेव सेन आदि उपस्थित थे।

# झिरिया में 10 लाख में बनेगी सीसी रोड, निर्माण का हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा




ब्लॉक के ग्राम झिरिया में 10 लाख की लागत से बनने वाले सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन गुरुवार को किया गया। साथ ही लक्ष्मीनारायण भगवान के प्राण प्रतिष्ठा व दुर्गा मंदिर में पूजा-अर्चना कार्यक्रम भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष दौलत पाल, अध्यक्षता जनपद उपाध्यक्ष गोपाल शुक्ला, विशेष अतिथि जनपद सदस्य हेमीन चंद्रशेखर साहू, सिमगा जनपद सभापति चंद्रप्रकाश टोंडे आदि उपस्थित हुए। सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत सरपंच व ग्रामीण जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। पूजा अर्चना कर भूमिपूजन कार्यक्रम किया गया। इसके बाद प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम हुआ। अतिथियों ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए ग्रामीणों को बधाई दिए।

उक्त मौके पर सरपंच प्रतिमा पोमेश साहू, उपसरपंच महेंद्र साहू एवं पंच तिलक ध्रुव, प्रभुराम ध्रुव, योगेश्वरी ध्रुव, संतोषी साहू, संतोषी गोस्वामी, रानी यादव, प्रीत बाई साहू, रोहित विश्वकर्मा, मीराबाई ध्रुव, पूर्व सरपंच राजू प्रसाद गजेंद्र, ग्रामीण राजेश ध्रुव, गित्तेस साहू एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित हुए।

# मल्लखम्भ प्रशिक्षण के लिए ट्रायल शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग बलौदाबाजार द्वारा जिला मुख्यालय बलौदाबाजार के योग भवन में गुरुवार क़ो मल्लखंब खेल प्रशिक्षण हेतु ट्रायल आरम्भ किया गया। प्रशिक्षण ट्रायल के प्रथम दिवस में 25 बालक एवं बालिकाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण के इच्छुक खिलाड़ी 5 जुलाई तक उक्त ट्रायल में भाग ले सकते हैं। ज्ञात हो कि मल्लखम्ब भारत की एक प्राचीन खेल विधा है, जिसका अभ्यास जिमनास्टिक योग एवं एक्रोबेटिक्स के आयामों के साथ किया जाता है।



इसमें जिमनास्ट का एक समूह एक स्थिर ऊर्ध्वाधर पोल के साथ कुश्ती की पकड़ का उपयोग करके हवाई योग और जिमनास्टिक आसन करता है।

# चिरायु टीम ने किया छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



विकासखंड तिल्दा-नेवरा के संकुल केंद्र पचरी अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत चिरायु स्वास्थ्य दल द्वारा विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस स्वास्थ्य परीक्षण का उद्देश्य विद्यालयीन बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय सलाह देना था। इस अवसर पर डॉ. पंकज तिवारी के नेतृत्व में चिरायु टीम ने विद्यार्थियों का शारीरिक परीक्षण किया एवं आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। साथ ही डॉ. आरती सेन एवं डॉ. रेणुका ठाकुर द्वारा बालिकाओं को विशेष रूप से स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं किशोरावस्था से जुड़ी समस्याओं के बारे में जानकारी दी गई, जिससे छात्राओं में आत्मविश्वास एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी। कार्यक्रम में प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा के नेतृत्व में स्वास्थ्य परीक्षण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई। वहीं शिक्षकगण तारकेश्वर कुमार धीवर, संगम कुमार मन्नाडे एवं भारती की सक्रिय सहभागिता से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ।

विद्यालय परिवार ने चिरायु टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस प्रकार के स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रमों को निरंतर आयोजित करने की अपेक्षा व्यक्त की, ताकि विद्यार्थियों का शारीरिक और मानसिक विकास संतुलित रूप से होता रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com



Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour

25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (10 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, मां मनोकामना देवी, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),

राशिः-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

संपर्क करें:-7354-411411

रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ डॉक्टर से मिलिए

5 जुलाई दिन शनिवार
राना मेडिकल स्टोर, सरकारी अस्पताल के पास, भाटापारा
समय - सुबह 10:00 से 3 बजे तक

शुगर के खतरे से बचे होम्योपैथी दवा द्वारा उपचार
शुगर के कारण सुस्ती कमजोरी थकान, भूख कम लगना

- अर्थराइटिस / (जोड़ो पद दर्द) न्यूरोपैथी (नशों में दर्द)
- L4-L5 नशों में दबाव के कारण अकड़न, चलने पर दर्द, झुनझुनी, जलन, शून्यपन का संपूर्ण निदान।
- घुटना दर्द - घुटने में सूजन, कट- कट की आवाज, बैठकर उठने, चलने पर दर्द होना, हड्डी में गैफ, लिक्विड़ कम होना।
- मूत्र एवं किडनी रोग - (पेशाब नली की सिकुड़न, प्रोस्ट्रेट ग्रंथी का बढ़ना, UTI बार-बार इंफेक्शन) मूत्र मार्ग में जलन, दर्द, धार कमजोर, ऐसा लगता है, पेशाब बचा है और बार-बार जाना, रात्रि में पेशाब ज्यादा होना, कपड़े पर लिकेज होना। शुगर के कारण पेनिस में दाने, छाले, खुजली, चमड़ी फटना, यौन कमजोरी (Erectile Dysfunction) शुक्राणु की कमी।
- विशेष चिकित्सा - फंगल इन्फेक्शन, खुजली, सफेद दाग
  FATTY LIVER - भूख कम लगना, गैस, पेटफूलना, पेट साफ न होना।
  पाईल्स, भगन्दर, फिशर (गुदामार्ग पर जलन, दर्द, मवाद आना।)

जर्मन दवाईयों पर 20% की छूट
असुविधा से बचने के लिए अग्रिम रजिस्ट्रेशन करायें



Dr Lal PathLabs से खून जांच पर 60% की छूट

मिरैकल्स होम्योपैथी

प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया
एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन)

डॉ. एस. चौरसिया
एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)

8982316464, 9406004581

स्थाई - पता कटोरा तालाब नेताजी चौक रायपुर